तापमान

अधिकतम 40 .4 डिग्री
न्यूनतम 20 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 12 मई 2025

12 30 सड़कों का होगा निर्माण, सीएम के सामने रखी मांग



12 आर्य स्कूल के छात्रों ने कराटे में लहराया परचम



## खबर संक्षेप

### गहने व नकदी लेकर विवाहिता लापता हुई

**पानीपत।** पानीपत में हुडा सेक्टर 29 औद्योगिक थाना क्षेत्र के एक गांव से महिला अपनी दो नाबालिग बेटियों के साथ घर से लापता हो गई। महिला घर से साढे तीन लाख रूपये की नगदी व लाखों रूपये कीमत के गहने भी ले गई। इधर, पति ने अपनी पत्नी व दोनों बच्चों की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन इनका सुराग नहीं लगा। पति की शिकायत पर पुलिस ने विवाहिता व इसकी दो बेटियों की गुमशुदगी का केस दर्ज कर तीनों की तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा में रेलवे लाइन क्रॉस करते वक्त राजमिस्त्री रिंकू निवासी गांव मतलौडा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इधर, रेलवे पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद रिंकू का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और इस मामले में आईपीसी की धारा 174 के तहत कार्यवाही करते हुए इस केस की जांच शुरू कर दी है। इधर, रिंकू की मौत से उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### शराब के लिए रुपये न देने पर सुए से घायल किया

**पानीपत।** पानीपत के राज नगर क्षेत्र की सब्जीमंडी के गेट पर प्रदीप नामक युवक पर सौरभ नामक युवक ने बर्फ तोड़ने वाले सुएं से हमला किया। आरोपी ने प्रदीप की छाती, पेट व सिर पर सुएं से वार कर उसे गंभीर चोटें मारी। वहीं, प्रदीप की शिकायत पर कृष्णपुरा चौकी पुलिस ने सौरभ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, प्रदीप ने बताया कि सौरभ को शराब पीने के लिए रूपये नहीं देने पर उसने हमला किया था।

### फाइनेंसर से परेशान होकर युवक लापता

**पानीपत।** पानीपत के एनएफएल क्षेत्र वाले विकास नगर निवासी जॉनी पुत्र बीर सिंह संदिग्ध हालत में घर से लापता हो गया। वहीं बीर सिंह का आरोप है कि जॉनी, फाइनेंसर से परेशान होकर घर छोड़कर लापता हो गया। फाइनेंसर ने युवक की गारंटी पर दो अन्य युवकों को पैसे दिए थे। डर के मारे युवक घर छोड़कर चला गया। इधर, पुलिस ने जॉनी के लापता होने का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### महिला और युवती लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव भालसी से विवाहिता और गांव भादड़ से एक युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई। दोनों के परिजनों ने विवाहिता व युवती की हर संभावित स्थलों पर तलाश की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं लगा। इधर, पति की शिकायत पर थाना मतलौडा ने विवाहिता के और भाई की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने युवती की गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सभी रद 34 ट्रेनों का संचालन बहाल किया

**अंबाला।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम को संघर्ष विराम के बाद रेलवे ने सभी ट्रेनों को पहले की तरह संचालित करने के आदेश दिए हैं। संघर्ष विराम के बाद रेलवे ने सभी ट्रेनों को पहले की तरह संचालित करने के आदेश दिए हैं। रेलवे ने शनिवार को भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते 34 ट्रेनों को रद्द करने का फैसला किया था। बता दें कि रेलवे के इस फैसले से यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि अब ट्रेनों का संचालन होने से यात्रियों को भी फिर राहत मिलना तय है। सीमा पर हालात खराब होने के बाद रेलवे की ओर से पंजाब व जम्मू जाने वाली ट्रेनों का संचालन रोक दिया था। दरअसल पंजाब व जम्मू के सीमावर्ती इलाकों पर पाक की ओर से लगातार बमबारी हो रही थी। इसी को लेकर ट्रेनों का संचालन बंद किया गया था।

### ट्रेनिंग एवं रजिस्ट्रेशन कैंप में उमड़ी युवाओं की भीड़

# सीमा पर सीजफायर के बाद हालात सामान्य, स्कूल खोलने के आदेश

### सड़कों की लाइटें भी जलेंगी : अजय तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- पांच हजार से ज्यादा ने करवाया रजिस्ट्रेशन

भारत-पाक के बीच सीजफायर होने पर अब जिले में भी स्थिति सामान्य हो रही है। डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि सीमा पर युद्धविराम के मद्देनजर अब सडक़ों की लाइटें और बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहेंगे।

रात के समय घर के बाहर लगी लाइटें के लिए जनरेटर या इनवर्टर का इस्तेमाल नहीं होगा। घर के अंदर की लाइटों के लिए डायरेक्ट सप्लाई जनरेटर या इनवर्टर से हो सकती है। उपायुक्त ने बताया कि ड्रोन उड़ाने पर पूर्णतः प्रतिबंध है। यदि कोई भी नियमों की अवहेलना करता है तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होने यह भी कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। केवल जिला प्रशासन के सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा दी गई सूचनाओं और निर्देशों का पालन करें। उपायुक्त ने यह भी बताया कि आपदा से बचाव को लेकर प्रशासन की ओर से अंबाला शहर की नई अनाज मंडी व अंबाला छावनी के एसडी कालेज में वालंटियर्स के लिए ट्रेनिंग एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं के साथ-साथ अन्य ने रजिस्ट्रेशन करवाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी ने बताया कि दोनों जगहों पर आयोजित कैंप में 5 हजार से अधिक वालंटियर्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। प्रशासन द्वारा स्कूलों पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया गया है। सभी शैक्षणिक संस्थान अपने शैक्षणिक कैलेंडर का पालन कर सकते हैं।





अंबाला। ट्रेनिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करवाते युवा तथा आपदा के समय युवाओं को घायल होने पर प्राथमिक उपचार देने की ट्रेनिंग देते कर्मचारी।


#### युवाओं से आह्वान

एसडीएम दर्शन कुमार ने युवाओं से आह्वान किया कि जब भी यदि किसी आपदा में वालंटियर्स की जरूरत पड़ेगी तो सहयोग जरुर दें।

# करनाल के अटल पार्क में चाकू चले, चार लोग घायल

- हमलावर कौन थे और हमले की वजह क्या थी, इसे लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



अटल पार्क में रविवार की दोपहर चार युवकों पर चाकुओं से हमला कर दिया गया। इस वारदात में दो युवकों को पार्क के अंदर और दो को पार्क के बाहर चाकू मारे गए। हमलावर कौन थे और हमले की वजह क्या थी, इसे लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। घायल युवकों को करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

बिना किसी वजह किया गया हमला घायल युवकों की पहचान ईशान, राहुल, नीरज कुमार और राजा कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के रहने वाले है और करनाल में काम करते हैं। इनमें से राहुल ने बताया कि वह अटल पार्क में बैठा था और अपने दोस्तों के साथ वीडियो बना रहा था। उसके पास एक चश्मा था, जिसे देखकर चार अजनबी युवक वहां आए और चश्मा मांगा। राहुल ने चश्मा दे दिया। उन लोगों ने पूछा कि ये चश्मा तुम्हारा है? राहुल ने जवाब दिया कि हां, यह मेरा है। इसी बात पर उनमें से एक युवक ने अचानक राहुल पर चाकू से हमला कर दिया। दूसरे घायल ईशान ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ पार्क में खड़ा था। तभी चार युवक वहां आए और बिना किसी बातचीत के उन पर चाकुओं से हमला कर दिया। ईशान ने कहा कि सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि वे कुछ समझ ही नहीं पाए कि आखिर हो क्या रहा है।

#### मची अफरा-तफरी

यह वारदात दोपहर के समय अटल पार्क जैसी सार्वजनिक जगह पर हुई, जिससे वहां मौजूद लोगों में डर का माहौल बन गया। पार्क में चीख-पुकार मच गई। लोगों ने तुरंत डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की सूचना एम्बुलेंस को भी दी गई थी, लेकिन समय पर कोई एम्बुलेंस नहीं पहुंची। ऐसे में डायल-112 की टीम ने ही सभी घायलों को अपनी गाड़ी में डालकर करनाल के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। टीम इंचार्ज जगपाल सिंह ने बताया कि चार युवकों को चाकू लगे हैं और सभी को अस्पताल पहुंचाया गया है।

# जमीन पर लिए गए लोन को धोखे से भरवाकर हड़पे 97 लाख 55 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

जमीन पर लिए गए लोन को धोखे से भरवाकर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने सरस्वती नगर निवासी अक्षय अग्रवाल से 97 लाख 55 हजार रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री करवाने का आश्वासन दिया था मगर आरोपियों ने न तो जमीन की रजिस्ट्री करवाई और ने ही पैसे वापस किया।

पुलिस ने जांच के बाद आठ आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर निवासी अक्षय अग्रवाल ने थाना छपार पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव भभोल निवासी कृष्ण पाल, प्रकाशों देवी, दुष्यंत, करम सिंह, राज सिंह, शमशेर सिंह, सतीश कुमार व दवेंद्र सिंह के साथ जान पहचान थी। आरोपियों ने उन्हें 24 कनाल जमीन बेचने का झांसा दिया। आरोपियों ने कहा कि उस जमीन पर उन्होंने बैंक से लोन लिया हुआ है। अगर वह लोन के पैसे भर देंगे तो जमीन की रजिस्ट्री उसके नाम करवा देंगे। इस दौरान आरोपियों ने 18 सितंबर 2023 को उसके पास से जमीन पर लिए गए लोन को भरवा लिया, जो की करीब 97 लाख 55 हजार रुपए था। इसके बाद आरोपियों ने न तो जमीन की रजिस्ट्री उसके नाम करवाई और न ही उनके पैसे वापस किया। आरोपियों को बार-बार कहने पर भी वह उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# दस नई एसी बसें उतरी सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- लंबी दूरी के यात्रियों को मिलेगी राहत, राजस्व में होगी बढ़ोतरी

अंबाला रोडवेज के डिपो में 10 नई वातानुकूलित बसें शामिल हो गई हैं। दो बसें नारायणगढ़ सब डिपो को दे दी हैं। बची आठ बसों को अंबाला डिपो के अधिकारियों ने चंडीगढ़-नारनौल, पटियाला-दिल्ली और जालंधर-दिल्ली मार्ग पर चला दिया है। नारायणगढ़ सब डिपो ने अपनी दोनों बसों को नारायणगढ़- दिल्ली बराड़ा और नारायणगढ़ दिल्ली-चंडीगढ़ पर लगाया है।

इन वातानुकूलित बसों के संचालन से यात्रियों को गर्मी में राहत तो मिलेगी ही। इसके साथ ही अंबाला डिपो के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। मौजूदा समय में अंबाला डिपो के पास 25 वातानुकूलित बसें हैं। जिसमें 10 वातानुकूलित बसें पिछले साल 2024 में आई थीं।

इसके बाद जनवरी 2025 में पांच इलेक्ट्रिक बसें आई। अब दो वाई दो की 10 वातानुकूलित बसें अंबाला को मिली हैं। इन बसों के आने से अंबाला डिपो का बेडा पहले से और भी ज्यादा मजबूत और सशक्त हो गया है। अंबाला डिपो हजारों यात्रियों को पहले से और भी ज्यादा बेहतर और आरामदायक सुविधाएं दे रहा है।

अंबाला से चंडीगढ़- नारनौल मार्ग पर दो बसें लगाई गई हैं। जिसमें एक बस आने और दूसरी जाने पर लगाई गई है। इसी तरह से पटियाला से दिल्ली वाया अंबाला कैंट मार्ग पर चार बसें लगाई हैं। इसमें दो बस आने और दो बस जाने के लिए है। इसके अलावा जालंधर से दिल्ली वाया अंबाला कैंट के लिए दो बस लगाई है। इसमें एक बस आने और एक जाने के लिए है। नारायणगढ़ सब डिपो को दो नई वातानुकूलित बसें मिली है।

# पुर्तगाल भेजने के नाम पर दो भाइयों से ठगे 12.40 लाख

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव उधमगढ़ निवासी साहिल सैनी व उसके भाई को विदेश भेजने के नाम पर चार लोगों ने उनसे 12 लाख 40 हजार रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने न तो दोनों भाइयों को विदेश भेजा और ने ही पैसे वापस किए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव उधमगढ़ निवासी साहिल सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका भाई पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहते थे। इस दौरान उनकी मुलाकात शैलेश परमार, जितेंद्र सिंह, शक्ति कुमार व हरसिल के साथ हुई। आरोपियों ने कहा कि वह उन दोनों को पुर्तगाल भेज देंगे। इसके लिए करीब 15 लाख रुपये का खर्च आएगा। उसने आरोपियों पर विश्वास करके हां कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उनसे अलग-अलग करके 12 लाख 40 हजार रुपये तथा उनके दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने काफी समय बीत जाने के बाद भी उन्हें पुर्तगाल नहीं भेजा। जब उन्होंने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

# महिला शिक्षक से 13 लाख की ठगह करने का आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लेकर बरामद की राशि
- आरोपी को नकदी बरामद करने के बाद जेल भेज दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर क्राइम थाना पुलिस की टीम ने महिला शिक्षक से साइबर ठगी कर 13 लाख रुपए ठगने के आरोपी राजस्थान के जिला बीकानेर के गांव झझु निवासी चैना राम को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान आरोपी से नकदी बरामद की गई। बाद में आरोपी के जेल भेज दिया गया।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर 15 निवासी मोनिका ने बताया कि उसके पास 12 वर्षीय बेटी है। जिसके लिए वह फेसबुक व इंस्टा पर ड्रेस देखती है। 20 नवंबर को फेसबुक आइडी पर लूसियन इमरी लेन के नाम से लिंक आया। जिसमें एक विज्ञापन आया हुआ था। जब इस विज्ञापन पर लाइन किया तो लिंक खुल गया। जहां से सीधे टेलीग्राम आइडी पर जुड़ गई। टेलीग्राम आइडी पर मैसेज आने लगे। मैसेज में बताया गया कि यह ग्रुप बच्चों की आडिशन करता है जो बच्चा सिलेक्ट होता है उसे 500 रुपये प्रति फोटो दिया जाता है। फिर काल आई। काल करने वाले ने कहा कि यदि उनके साथ काम करना चाहते हो तो 30 हजार रुपये वेतन मिलेगा। इसके साथ ही कहा कि लाइक करने पर अलग से कमीशन मिलेगा। जिसके बाद एक लिंक भेजा गया। जिसे लाइक किया तो कमीशन भेजने के लिए खाता नंबर मांगा गया। उन्हें अपने भाई का फोन पे नंबर दे दिया। उस पर कमीशन के 150 रुपये आए। इसके बाद कहा गया कि यदि दो हजार रुपये स्लाट खरीदोगे तो अधिक रुपये मिलेंगे। उन्हें दो हजार रुपये भेजे।



#### स्थानीय आम नहीं आया

टास्क दिया गया। यह टास्क पूरा करने बाद 2800 रुपये भेजे गए। इसके बाद लालच बढ़ गया। ठगों ने और अधिक रुपये इन्वेस्ट करने का झांसा दिया। शुरूआत में कुछ रुपये जमा किए। जिसके लाभ के साथ रुपये साइट पर दिखने लगे। जब इन रुपयों को निकालने लगी तो वह नहीं निकले। ठगों ने उन्हें कुछ रुपये बतौर कमीशन जमा कराने का झांसा दिया। इसके बाद अलग-अलग कर लगभग 13 लाख 34 हजार रुपये जमा करा दिए। इसके बाद और रुपये जमा कराने के लिए कहा तो शक हुआ था। उसने 18 दिसंबर 2024 को यह मामला साइबर क्राइम थाना पुलिस में दर्ज करवाया था।

### महाराष्ट्र व आंध्रप्रदेश से हरियाणा की मंडियों में पहुंच रहा आम

# गर्मी में कहीं सेहत न बिगाड़ दे आम की मिठास

- चिकित्सकों ने आम को अच्छी तरह धोकर व छिलका उतारकर ही खाने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में बढ़ रहे तापमान में आम खाने के शौकीनों को फिलहाल इसकी मिठास का स्वाद लेने से गुरेज करना जरुरी है। क्योंकि आंध्रप्रदेश व महाराष्ट्र आदि राज्यों से हरियाणा की फल और सब्जी मंडियों व बाजारों में बिकने के लिए आ रहे आम की मिठास स्वास्थ्य को नुक्सान पहुंचा सकती है।

चिकित्सकों की माने तो अभी स्थानीय आम के पकने में देरी है। मगर बाजारों और रेहड़ियों पर बिक रहा आम बाहर से आ रहा है। जिसे कैमिकल से पकाए जाने की संभावना अधिक रहती है। कैमिलकल से पकाए गए आम के खाने से स्वास्थ्य खराब होने की संभावना रहती है। इसलिए फिलहाल आम खाने से गुरेज करना ही बेहतर है।

चिकित्सकों की मानें तो कैमिकल से पकाकर बाजार में बेचा जाने वाला यह आम शरीर में कई प्रकार की घातक बीमारियों को न्यौता देता है। शरीर का नर्वस सिस्टम इन कैमिकलों से सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। वहीं पेट की कई गंभीर बीमारियों को भी बढ़ावा मिलता है। शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल सिंह का कहना है कि बाजार में इन दिनों आने वाले आम में कैमिकल लगे होने की संभावना बनी रहती है।

इसके संपर्क में आने से आदमी को पेट संबंधि बीमारियां, डायरिया व अन्य रोग हाने की संभावना बन जाती है। उन्होंने बताया कि कैमिकल के बिना पका हुआ आम ही खाना चाहिए। ताकि स्वास्थ्य को कोई नुक्सान ना हो। आम खरीदते समय यह देख लेना चाहिए कि यह कहीं कैमिकल द्वारा पकाया हुआ तो नहीं है। यदि आम खाना है तो उसे अच्छी प्रकार से धोकर व छिलका उतारकर खाना चाहिए।



यमुनानगर। बाजारों में रेहड़ियों पर बिकने के लिए रखा हुआ आम ।

#### स्थानीय आम नहीं आया

आम की अभी लोकल आवक शुरू नहीं हुई है। बाजार में पहुंचने वाला आम आंध्रप्रदेश व महाराष्ट्र से आ रहा है। लेकिन अन्य प्रदेशों से हरियाणा, दिल्ली व पंजाब जैसे राज्यों की मंडियों में पहुंचने वाले इस आम को पहले खासतौर पर तैयार किया जाता है। जिससे यह कच्चा आम न केवल तेजी से पककर तैयार हो जाता है बल्कि आम में गाढ़ा पीला रंग भी चढ़ जाता है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

- छछरौली के एमएल वर्मा चौक के पास हुआ हादसा
- पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली के एमएल वर्मा चौक के नजदीक डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति घायल हो गया। घायल व्यक्ति का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गांव फतेहपुर निवासी मौसम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शनिवार को अपनी पत्नी 47 वर्षीय बृजेश के साथ बाइक पर पांवटा साहिब जा रहे थे। जब वह छछरौली के एमएल वर्मा चौक के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान डंपर का पहिया उसकी पत्नी के ऊपर से गुजर गया। जिससे उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादी ठिकानों को नष्टकर दुश्मन देश को ला दिया घुटनों पर

■ गांव कुड़क के लगभग 15-20 लोग फौज में रहकर कर रहे हैं देश की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी के पास 8 हजार आबादी वाले गांव कुड़क में से लगभग 15 - 20 लोग फौज में रहकर देश की सेवा कर रहे हैं। इनमें से कुछ सैनिक अपनी रिटायरमेन्ट के बाद गांव में खेती बाड़ी संभाल रहे हैं। वहीं पूर्व सैनिक भारतीय सेना के ऑपरेशन संदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर करके दुश्मन देश को घुटनों के बल ला दिया है, भारतीय सेना की सराहना करते हुए कहा कि सेना की कार्रवाई से पाकिस्तान घुटनों के बल आकर रहम की भीख मांग रहा है। पाकिस्तान को अपने किए की सजा मिलनी चाहिए और भारत को सख्त से सख्त कार्रवाई करके आतंकवादियों के अड्डों को नष्ट करना चाहिए।




तरावड़ी। पत्रकारों के चर्चा करते हुये रिटायर फौजी अजमेर सिंह व अन्य व अपने तगमे दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## मिलनी चाहिए सख्त से सजा

भारतीय सेना में ड्यूटी करें हरजिंदर सिंह सुपुत्र गुरमेज सिंह 25 साल से फौज में रहकर देश सेवा कर रहे हैं उनकी पत्नी व अन्य परिवार के सदस्यों को कहना है कि जिन आतंकवादियों ने निहत्थे लोगों पर गोलियां चलाकर उनकी हत्या की है उनको सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।



## देश की सेना बहुत ताकतवर



भारतीय सेना से रिटायर्ड करनैल सिंह 18 वर्ष की भारत मां की सेवा करके अपने गांव में अब खेती-बाड़ी संभाल रहे हैं उनका कहना है कि पाकिस्तान के घर में पनप रहे आतंकवादियों को जड़ से खत्म करना चाहिए। देश की सेना बहुत ताकतवर है अगर चाहे तो कुछ मिनट में आतंकवादियों के नामोनिशान मिटा दे।

## हम भारतमाता के सच्चे सिपाही



रिटायर्ड नरेश कुमार फौजी सुपुत्र मामूराम 22 साल की सेवा में ड्यूटी करके अब सरकारी विभाग में कार्यरत हैं। कारगिल की लड़ाई में भी उन्होंने भाग लिया और दुश्मनों के छक्के छुड़ाएं। ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन देश को उसकी औकात बता दी है। हम भारत माता के सच्चे सिपाही हैं अगर पहलगाम हमले की थोड़ी भनक लग जाती तो आतंकवादियों का नामो निशान मिटा देते। भारतीय सेना को दुश्मन के घर मे जाकर मारने की क्षमता है।

## पहलगाम की हरकत का मुंहतोड़ जवाब



फौजी जितेंद्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह 21 साल की भारत माता की सेवा करके आए। उन्होंने कारगिल युद्ध में भाग लेकर दुश्मनों के छक्के छुड़ाए हैं। इनका कहना है पाकिस्तान को पहलगाम की घिनौनी हरकत का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। भारतीय सेना चाहे तो पाकिस्तान को नक्शे से भी खत्म करने का दम रखती है अगर सेना को खुली छूट के साथ दो दिन का समय मिल जाए तो पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देगी।

## फौज में जाकर अपने देश की सेवा करें



रिटायर फौजी अजमेर सिंह सुपुत्र गुरबख्श सिंह 1962 में फौज में भर्ती हुए थे। इन्होंने 65 और 71 की लड़ाई में भाग लिया। उनके परिवार के पांच भाई फौज में थे। अब भी दो भाई और दो भतीजे फौज में रहकर देश की सेवा कर रहे हैं। इनका कहना है पहले तो आमने-सामने की लड़ाई होती थी तब भी हम दुश्मन पर भारी पड़ते थे। अब तो मशीनी युग आ गया है। भारत को अत्याधुनिक हथियारों से पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवादियों के अड्डों को उनके घरों में जाकर नष्ट किया है। मेरा कहना है अगर दोबारा ऐसी पाकिस्तान हरकत करता है तो भारतीय सेना को उसका मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। मैं देश के युवाओं को भी कहता हूं कि वह देश सेवा के लिए फौज में जाकर अपने देश की सेवा करें। मेरा कहना है कि पाकिस्तान के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया बरसत में निर्माणाधीन कार्यों का औचक निरीक्षण

## साढ़े 3 करोड़ की राशि से निर्माणाधीन नाले और सड़कों की मजबूतीकरण के कार्य का लिया जायजा

घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण इस मौके पर ग्रामीणों से मिलें और गांव में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली।

■ अधिकारी व ठेकेदार को विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण रविवार को अचानक बरसत गांव में पहुंचे और करीब साढ़े 3 करोड रुपये की लागत से गांव में चारों तरफ से प्रवेश करने वाली सडक़ों की मजबूती व गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए जा रहें नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कल्याण इस मौके पर ग्रामीणों से मिलें और गांव में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मौके पर अधिकारी व ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए कि विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और निर्धारित समय अवधि में ही इन कार्यो को पूरा करवाया जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े तथा लंबे समय से आ रही दिक्कत से निजात मिल सके।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के प्रयासों से लगातार घरौंडा विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो रहा है।

# एनसीसी युवाओं को परिवार, समाज और देश से जोड़ने का करती है कार्य

■ कमांडिंग ऑफिसर कर्नल वेंकटरमन ने शिविर के उद्देश्य की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

7 हरियाणा बटालियन एनसीसी, करनाल द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय, सगा, करनाल में 8 से 17 मई तक 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर 114 का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के. के. वेंकटरमन और एडम ऑफिसर कर्नल एस. एस. नेगी के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल वेंकटरमन ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत एक युवा राष्ट्र है, और एनसीसी युवाओं को परिवार, समाज और देश से जोड़ने का कार्य करती है। इससे उनमें देशभक्ति की भावना जागृत होती है और वे समाज के प्रति अधिक जागरूक बनते हैं। उन्होंने कहा कि समय आने पर ये कैडेट्स देशहित में अपनी जिम्मेदारी निभाने में सक्षम होते हैं। शिविर के तीसरे दिन कैडेट्स को फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मैप रीडिंग की तकनीक सिखाई गई, जिससे किसी भी क्षेत्र की पहचान करना और स्थान का निर्धारण करना संभव होता है।

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल (मेन ब्रांच) के एनसीसी सेकंड ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने बताया कि एनसीसी अधिकारियों ने कैडेट्स को अनेकता में एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश होते हुए भी एकता और अखंडता का प्रतीक है। जब देश पर कोई संकट आता है, भारतवासी एकजुट होकर सामना करते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सूबेदार मेजर बलराज सिंह, फर्स्ट ऑफिसर आर.एस. तोमर, लेफ्टिनेंट अशोक कुमार, थर्ड ऑफिसर प्रियंका शर्मा, सेकंड ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण, डिप्टी सुपरिटेंडेंट पा, रविंद्र यादव, हितेश गुप्ता, नीलकंठ, रोहतास कुमार, वीरेंद्र कुमार, गोविंद शर्मा, राहुल कुमार, संजय सिंह, सुदेश, केयरटेकर जय राणा, अनीता रावत, कमल, सुरेश सिंह, सूबेदार रोहतास कुमार, विक्रम सिंह, जसवंत सिंह, नायब सूबेदार राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार बम, सत्यवान, हवलदार मनदीप, राकेश, ईश्वर, रवि कृष्ण कुमार, जयदीप, रवि कुमार, दिनेश कुमार, योद्धा सिंह, सुनील कुमार, और अमरिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंद परिवारों की तीन कन्याओं का विवाह करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



■ कई हस्तियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया

मानव सेवा संघ की ओर से रविवार को जरूरतमंद परिवारों की तीन कन्याओं का विवाह करवाया गया। संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ती ने बताया कि किरण कुमारी का विवाह अंकुश शर्मा, आरती देवी का विवाह गोविंदा व काजल का विवाह शुभम के सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मेयर रेणु बाला गुप्ता ने शिरकत की। कई राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक हस्तियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। दानी सज्जनों के सहयोग से कन्या दान करते हुए जरूरत का सामान भेंट किया गया।

मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के भविष्य को संवारने की दिशा में मानव सेवा संघ कई वर्षों से यह कार्य करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज की सभी संस्थाओं और समर्थ व्यक्तियों को यथासंभव इस प्रकार के कार्यों में सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर स्वामी प्रेममूर्ती ने कहा कि मानव सेवा संघ लंबे अर्से से नर सेवा ही नारायण सेवा के सिद्धांत पर कार्य करता आ रहा है। मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। कन्याओं का विवाह करवाना नेक कार्य है। समाज के जरूरतमंद तबके की मदद के लिए हम सबको आगे आना चाहिए। स्वामी प्रेममूर्ती ने बताया कि अब तक मानव सेवा संघ की ओर से 695 कन्याओं का विवाह करवाया जा चुका है। इस अवसर पर लाजपत राय चौधरी, कंवल भसीन, दुलियाराम शर्मा, नागेश गुप्ता, भगत राम, रामप्रकाश शर्मा, मोहिंद्र सिंह नरवाल, ईश्वर गुप्ता, रामकुमार सिंह, केहर सिंह चोपड़ा, बलदेव राज आर्य, गोपीनाथ शर्मा, कर्णवीर आर्य, ईश्वर शर्मा, सुमेर सिंह, मांगेराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आतिशबाजी व पटाखे फोड़ने पर रोक

करनाल। जिला मजिस्ट्रेट एवं डीसी करनाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं, जारी आदेशों में कहा गया है कि यह आम तौर पर देखा जाता है कि शादी-ब्याह, खुशी के मौके और धार्मिक त्योहारों के दौरान आम जनता द्वारा जमकर आतिशबाजी और पटाखे फोड़े जाते हैं। ऐसे पटाखों से होने वाले शोर से मौजूदा हालात को देखते हुए आम जनता में दहशत फैलती है, जिससे किसी हमले का डर पैदा होता है और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है। ऐसे में जिला करनाल के अधिकार क्षेत्र में विवाह, धार्मिक त्योहारों, समारोहों और किसी भी प्रकार की गतिविधियों के दौरान आम जनता द्वारा किसी भी प्रकार की आतिशबाजी और पटाखे आदि फोडऩे पर रोक रहेगी। आकस्मिक स्थिति को देखते हुए यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा तथा अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

आदेश के प्रवर्तन हेतु पुलिस अधीक्षक, करनाल जिम्मेदार होंगे। इन आदेशों के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 तथा तदनुसार लागू अन्य धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# भोलेनलाथ को पंचामृत स्नान करवाया



■ मुख्य यजमान के रूप में शशिकांत शर्मा, रजनी शर्मा व भव्या शर्मा ने शिरकत की।

■ भोलेनाथ का फूलों से श्रृंगार कर बेलपत्र व फल सहित प्रिय अन्य चीजें अर्पित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में अमृतवेला में भोलेनलाथ को पंचामृत स्नान करवाया गया। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से भोलेनाथ को पंचामृत स्नान करवाया गया। हर हर महादेव के जयकारों से मंदिर गूंजता रहा। भोलेनाथ का श्रृंगार फूलों से किया गया। बेलपत्र व फल सहित भोलेनाथ को प्रिय अन्य चीजें अर्पित की गई। इस अवसर पर भक्तों में खास उत्साह दिखाई दिया। भक्तों ने भजनों का खूब आनंद लिया और भजनों पर जमकर झूमे भी।

### भोले बाबा ने पकड़ा मेरा हाथ वो रहता हरदम साथ से बांध समां

मुख्य यजमान के रूप में शशिकांत शर्मा, रजनी शर्मा व भव्या शर्मा ने शिरकत की। आचार्य हरीश शास्त्री ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। शशिकांत शर्मा का जन्मदिन भोलेनाथ के चरणों में मनाया गया। वीना सेठ ने भोले बाबा ने पकड़ा मेरा हाथ वो रहता हरदम मेरे साथ अकेला मत समझो मुझे अकेला ना समझो भजन गाया। अनु खट्टर ने तूने इतना दिया है मेरे भोलेनाथ के गम सारे भूल गए भजन गाया। सुशील मदान ने ओ शंकर मेरे कब होंगे दर्शन तेरे जीवन पथ पर श्याम सवेरे छाए हैं अंधेरे भजन गाया। सामुहिक रूप से शिव स्तुति का पाठ किया गया। सांयकाल में महिला सत्संग मंडल द्वारा श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व प्रधान अशोक मदान, वेद दुआ, सर्वेश, सुशील सेतिया, संदीप कंबोज, सुनैना, चंद्र बत्रा, सरोज दुआ, संतोष, तरसेम गुप्ता, अनिल छाबड़ा, साईदास अरोड़ा, मुरारी बत्रा, रविंद्र बत्रा, सुषमा धमीजा, रविंद्र तनेजा, शाम धमीजा आदि मौजूद रहे।

## सीजफायर तोड़ने के विरोध में युवाओं ने किया प्रदर्शन

■ मीरा घाटी चौक पर युवाओं ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए

करनाल। सीजफायर के महज तीन घंटे बाद ही पाकिस्तान ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना के विरोध में करनाल शहर में रविवार को युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। मीरा घाटी चौक पर भारी संख्या में जुटे युवाओं ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए, उसका झंडा सड़क पर रखकर जूतों से रौंदा और उसे आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारी युवाओं ने साफ शब्दों में कहा कि अब पाकिस्तान पर किसी भी हाल में भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने पुलवामा जैसे हमलों की याद दिलाते हुए कहा कि बार-बार पाकिस्तान पीठ में छुरा घोंपता है और अब उसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जरूरत है।

एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हमारे सैनिकों ने हाल ही में आतंकियों को करारा जवाब दिया है, लेकिन जब तक पाकिस्तान का अस्तित्व है, तब तक शांति की उम्मीद नहीं की जा सकती। प्रदर्शन में शामिल युवाओं का कहना था कि आतंकियों ने पुलवामा में हमारे लोगों को धर्म के नाम पर मारा, जबकि भारतीय सेना ने धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर आतंकियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया है और आगे भी करती रहेगी।

## हरियाली युवा संगठन ने करवाया कार्यक्रम का आयोजन

# सेल्फी विद मुहिम का उद्देश्य मां के प्रति बच्चों में प्रेम भावना को जीवंत रखना : सूरजभान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के गांव गांधी नगर में हरियाली युवा संगठन द्वारा सेल्फी विद मदर मुहिम के तहत मेरी पहचान आपसे बेस्ट सेल्फी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन सुमित मढ़ान एवं समाज सेविका कोमल रानी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता के विजेताओं व समाज सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाली युवा संगठन पदाधिकारी केहर सिंह व रवि ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुमित मढ़ान ने कहा कि मां के प्रेम के आगे सृष्टि भी नतमस्तक है। ऐसे में मां के प्रेम की तुलना किसी से नहीं की जा सकती और मां का दर्जा ईश्वर से भी बड़ा है। ऐसी प्रतियोगिताएं एवं आयोजन मां के प्रति प्रेम व आदर भाव को बढ़ाते हैं। संगठन द्वारा चलाई गई मुहिम सराहनीय है। कोमल रानी ने कहा कि मां की ममता का कोई मोल नहीं है। हरियाली युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सूरजभान बुटानखेड़ी ने बताया कि सेल्फी विद मुहिम का उद्देश्य मां के प्रति बच्चों में प्रेम भावना को जीवंत रखना है। प्रतियोगिता के लिए रखी शर्तों एवं नियमानुसार विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण की हरियाली बढ़ाने को हजार से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण किया है। इस मौके पर सुनीता, साक्षी, अनीता, समाज सेवी रवि कुमार, विजय कुमार, हरिदास, काजल, पवन कुमार, रीटा, लक्ष्मी, जसपाल, इशिका, खुशप्रीत, प्रीति, शीला व अंजू को सम्मानित किया गया है।




इंद्री। गांव गांधी नगर में हरियाली युवा संगठन द्वारा सेल्फी विद मदर मुहिम के तहत माताओं को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि



## विनोद गुप्ता को संस्था का प्रधान घोषित किया

करनाल। अग्रकुल सेवा संस्था की आम सभा की बैठक अग्रसेन भवन सेक्टर आठ में हुई। विनोद गुप्ता को 2025-27 के लिए संस्था का प्रधान घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया आरओ राम कुमार गुप्ता और एआरओ मनोज मित्तल की देखरेख में सम्पन्न हुई। बता दें कि इससे पहले डा. एसके गोयल लगभग साढ़े छह साल तक प्रधान रहे। उनके कार्यों की सभी ने प्रशंसा की। सर्वसम्मति से प्रधान चुने गए विनोद गुप्ता का सभी सदस्यों ने फूल मालाएं डालकर और मुंह मीठा करवा कर स्वागत किया एवं बधाई दी। विनोद गुप्ता ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ उन्हें प्रधान पद की जिम्मेवारी दी गई है उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। संस्था के लिए ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। संस्था के संरक्षक शम्मी बंसल, पूर्व प्रधान डा. एसके गोयल और चुनाव अधिकारियों ने विशेष रूप से विनोद गुप्ता को बधाई दी। आरओ राम कुमार गुप्ता और एआरओ मनोज मित्तल ने प्रधान विनोद गुप्ता को नियुक्ति पत्र सौंपा। जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए प्रधान को अधिकृत किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दीपक गुप्ता, विनोद गुप्ता, नरेश गर्ग, बृजलाल गर्ग, देशराज गुप्ता, प्रवीण मित्तल, मनोज मित्तल, अशोक गुप्ता, सूरज अग्रवाल, सुनील गुप्ता, कृष्ण गर्ग, विवेक अग्रवाल, मुनीष गर्ग, नीरज गर्ग, सतीश गोयल, सत्यपाल बंसल व पंकज गर्ग सहित लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन उड़ाने पर पूर्णतया प्रतिबंध

**पानीपत।** जिलाधीश डॉ वीरेंद्र दहिया दहिया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले के कारण वर्तमान स्थिति तथा आम जनता की सुरक्षा के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जिला में मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) जैसे ड्रोन और कम उड़ान वाली वस्तुओं आदि के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से सुरक्षा कारणों के तहत जारी किए हैं। डॉ दहिया ने बताया कि मौजूदा हालात के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला पानीपत के अधिकार क्षेत्र में ड्रोन इत्यादि पर प्रतिबंध लगाया है। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेशों के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंड का भागीदार होगा।

### नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करेंगे : डॉ दहिया

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। वहीं पानीपत में नशीले पदार्थों की आपूर्ति के नेटवर्क को ध्वस्त करने पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा साथी नामक एक मोबाइल ऐप का संचालन किया जा रहा है। इस ऐप में मेडिसिन की एंट्री किए बिना केमिस्ट किसी भी दवा को स्टॉक में नहीं रख सकते। उन्होंने अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनकार्ड) के सुचारू संचालन किया जा रहा है। वहीं, डीसी डॉ दहिया जिलावासियों का आह्वान किया कि जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए हर वर्ग की सहभागिता जरूरी है। इसलिए आपके आस-पास कोई व्यक्ति नशे से संबंधित वस्तुएं बेचता है या नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त है तो उसकी सूचना टोल फ्री नंबर 9050891508 पर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### गांव निंबरी में सुंदरकांड का पाठ किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव निंबरी में श्री सोमनाथ धाम आश्रम में विश्व जागृति मिशन द्वारा श्री सुंदर कांड एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया गया। इसमें कांता छाबड़ा, मंजू रावल, वीना चुघ, संतोष मनोचा एवं उनकी टीम ने सहयोग किया। यह पाठ पहलगाम में आतंकी हमले में शहीदों व भारत पाक युद्ध में शहीद फौजियों की आत्मिक शांति के लिए रखा गया। इस अवसर पर भीम डूडेजा, भाजपा नेता राजवीर, डा.जगजीत आहूजा, इनकी पोती ओमया, राम नारायण रावल, पुरूषोतम शर्मा, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, गिरीश अरोड़ा, जगदीश खुराना, राजेश सेठी, रमेश ढींगरा, वैद्य देवी चंद, गणेश ठाकुर, सालिग राम, पीसी झा, सुनीता पांचाल, दीपा रहे।

### गर्मी से अपना बचाव करें नागरिकः उपायुक्त

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने आमजन से आह्वान किया कि नागरिक स्वास्थ्य सुरक्षा के मद्देनजर गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़ते तापमान-लू से अपना बचाव करें। वहीं, प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करते हुए हीट वेव से बचे रहें। वहीं, गर्मी की स्थिति में लू के प्रभाव को कम करने तथा लू के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए कुछ उपाय कर सकते हैं। हीटवेव की चपेट में आने के कारण शरीर में पानी की कमी, हीटस्ट्रोक, उल्टी, चक्कर आना, बुखार, सिरदर्द और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

### करोड़ों के रेवेन्यू लॉस की जांच शुरू

पानीपत । पानीपत नगर निगम की प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच में करोड़ों के रेवेन्यू लॉस मामला सामने आया है। इस गड़बड़ी में नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर संजय धत्तरवाल की निजी सहायक महिला कर्मचारी व प्रॉपर्टी टैक्स शाखा के अन्य दो कर्मचारियों के नाम शामिल होने की बात सामने आई है। वहीं, ज्वाइंट कमिश्नर संजय धत्तरवाल इस मामले में खुद अपने स्तर पर जांच करवा रहे हैं।

---

### श्री बागेश्वर धाम सरकार की कथा व दिव्य दरबार की तैयारियां जोरों पर

# श्री हनुमान का नाम जपने से मन के विकार दूर होते हैंः पंडित धीरेंद्र शास्त्री

पानीपत की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए लगी हैं



**पानीपत।** श्री बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा स्थल का जायजा लेते हुए पं. निर्मल शास्त्री आदि। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के सेक्टर 13-17 हुडा ग्राउंड में आने वाली 17, 18, 19 मई अखिल भारतीय श्री राम-नाम जागरण मंच एवं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली श्री बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा और दिव्य दरबार की तैयारियां जोरों पर है। वहीं, पानीपत की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए लगी हुई है। इधर, कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के लिए रविवार दोपहर बाद श्री राम नाम जागरण मंच के अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री व बागेश्वर सेवा धाम मंडल के अध्यक्ष सतीश गौतम व पूरी कार्यकारणी पहुंची और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं, पंडित निर्मल शास्त्री ने कहा कि हनुमान का नाम जपन से मन से पाप करन की भावना खत्म होती है और मनुष्य के अंदर सत्य कर्म की जिज्ञासा पैदा होती है। उन्होंने कहा कि श्री बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा और दिव्य दरबार लगाने के लिए पानीपत आ रहे है। और उनका स्वागत करने के लिए पूरा पानीपत ही नहीं पूरे बल्कि पूरा हरियाणा तैयार खड़ा है और पानीपत में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। कार्यक्रम स्थल पर तीन लाख से अधिक लोगों के एक साथ बैठने की यहां पर व्यवस्था की गई है और यहां पर विप खुद बागेश्वर सरकार होंगे। उनके सभी हिंदू सनातनियों से अपील है कि महाराज के दर्शन करने के लिए यहां पर पहुंचे और हिंदुत्व को मजबूत करें। वहीं, ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष व बागेश्वर धाम सेवा मंडल के अध्यक्ष सतीश गौतम ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि पानीपत में बागेश्वर सरकार पधार रहे हैं उनकी अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग यहां पर पहुंचे और हिंदुत्व को मजबूत करें। इस दौरान सभा के अध्यक्ष सतीश गौतम, महासचिव सुरेश काबरा, आशु गुप्ता (इस्कॉन), राजू श्रीवास्तव, अविनाश ठाकुर, अवधेश श्रीवास्तव, रामदत्त दुबे, सुनील कौशिक, धर्मेंद्र पारीक, बबलू शर्मा सिवाह, अंकुर शर्मा, राजेश भारद्वाज, सुमित भारद्वाज सिवाह वाले समेत प्रदेश भर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---



**पानीपत।** पूर्व विधायक धर्म छोक्कर के समर्थन में एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए गुर्जर बिरादरी के नेतागण।

# पूर्व विधायक के समर्थन में खडा हुआ गुर्जर समाज

- समालखा में महापंचायत की, छोक्कर के साथ ईडी द्वारा किए गए अभ्रद व्यवहार की निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा विधानसभा के कांग्रेस से पूर्व विधायक एवं मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार धर्म सिंह छौक्कर के पक्ष में रविवार को महापंचायत हुई। समालखा में गुर्जर समाज के लोग धर्म सिंह छौक्कर के समर्थन में आए हैं। समाज के लोगों ने ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के वक्त की वायरल वीडियो में उनके कपड़े फाड़ने की निंदा की है। गुर्जर समाज के लोगों ने रविवार को उत्सव गार्डन में 36 बिरादरी की बैठक की। गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतराम तंवर ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि धर्म सिंह छौक्कर समालखा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं। वे हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ और गुर्जर समाज के सम्मानित नेता हैं। ईडी अधिकारियों ने उनको होटल के गेट के बाहर जमीन पर गिरा दिया। उनके कपडे.तक फाड़ दिए गए और धक्का-मुक्की की है। पूर्व विधायक के हाथ में फ्रेक्चर तक आ गया। यह निंदनीय है और समाज ईडी अधिकारियों के इस रवैये से खफा है। गुर्जर समाज के लोगों ने कहा कि यह सब भाजपा सरकार के इशारे पर किया जा रहा है। इस अवसर पर राजकुमार छौक्कर, चौबीसी के प्रधान नफे सिंह बली, जय सिंह छौक्कर पट्टीकल्याणा, अनिल छौक्कर आदि रहे।

---

# पाकिस्तान से युद्ध विराम होना सकारात्मक कदम हैः सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** वामपंथी नेतागण हडताल का वॉल पोस्टर जारी करते। *फोटो : हरिभूमि*

सीटू जिला कार्यालय गीता कॉलोनी में इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन की देशव्यापी हड़ताल की तैयारी में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रधान नवीन सपड़ा ने की। संचालन यूनियन के महासचिव कामरेड जय भगवान ने किया। पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना के नेतृत्व में किए गए युद्ध में देश के शहीद हुए सैनिक और नागरिकों श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। सीटू के राज्य सचिव कामरेड सुनील दत्त ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के बीच युद्ध विराम होना एक सकारात्मक कदम है। वहीं, मानवता के दुश्मन आतंकवाद के खिलाफ भविष्य में भी संघर्ष जारी रहेगा। सभी भारतवासी हिंदू मुस्लिम सिख इसाई हमेशा की तरह एकजुट होकर इसी तरह अपने देश की एकता और अखंडता की रक्षा करते रहेंगे। कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते देश के अंदर महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है। इसके खिलाफ केंद्रीय मजदूर संगठनों एवं कर्मचारी संघों के आह्वान पर 20 मई देशव्यापी हड़ताल की जाएगी।

### सड़क हादसे में कबड्डी खिलाड़ी की मौत

**कुरुक्षेत्र।** हिमाचल प्रदेश के नंगल डैम क्षेत्र में दो ट्रकों की टक्कर में कार सवार कुरुक्षेत्र के दीदार नगर निवासी कबड्डी खिलाड़ी रीतिक की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के परागपुर में आयोजित कबड्डी टूनामेंट में भाग लेने के लिए गए रितिक शनिवार सुबह घर से निकाला था। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे ब्रह्मपुर के पास कबड्डी खिलाड़ियों की कार दो ट्रकों के बीच आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में रितिक की मौत हो गई। रितिक के दोस्त अंकुश ने बताया कि रितिक अंबाला के एसए जैन कॉलेज में बीकाम द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसने एनआईएस में प्रवेश लेना था। अंकुश के अनुसार रितिक कबड्डी का बेहतरीन खिलाड़ी था।

# पानीपत के ग्रामीण हलके को समस्या मुक्त करेंगेः शिक्षा मंत्री

- भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की भी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर कड़ी नजर है, नहीं छूटेगा कोई भी विकास का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भाजपा नेता हरपाल ढांडा को जन्मदिन की बधाई देते हुए समाजसेवी संजय तोमर। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के प्रतिनिधि हरपाल ढांडा ने कहा कि पानीपत ग्रामीण हलके को समस्या मुक्त किया जा रहा है। हलके में चौतरफा विकास कार्य चल रहे है। वहीं विकास कार्यों में गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जा रहा है। भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की भी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर कडी नजर है। हरपाल ढांडा रविवार को हरपाल ढांडा अपने जन्मदिन पर बधाई देने के लिए आने वाले लोगों को संबोधित कर रहे थे। ढांडा ने अपने जन्मदिन पर बधाई देने वालों की उमडी भीड का आभार जताया। इधर, भाजपा नेता संजय तोमर ने हरपाल ढांडा को जन्मदिन की बधाई देते हुए दावा किया कि भाजपा सरकार पानीपत ग्रामीण हलके में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में गुणवत्ता वाले विकास कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे दिन दूर नहीं जब पानीपत ग्रामीण हलका समस्या मुक्त हो जाएगा।

---



पानीपत। मदर्स डे पर फादर्स प्राइड प्लेवे में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती विद्यार्थियों की माताएं। *फोटो : हरिभूमि*

### मां में समाया है सारा संसार : परूथी

पानीपत। पानीपत के सलारगंज गेट स्थित फादर्स प्राइड प्लेवे में मदर्स डे पर कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ भाग लिया। वहीं, गीतू परुथी ने बताया कि मां ईश्वर का ही रूप है। सिर्फ मदर्स डे वाले दिन ही नहीं जबकि हर दिन मां का ही होता है। मां है तो हर बच्चे की आस है। मां है तो बच्चों का विश्वास है। इस अवसर पर कियान, शिवाय, गणिश्का की मदर को बेस्ट मॉम का खिताब मिला। तवलीन की मदर ने सिंगिंग की एवं सारा वातावरण मां की यादों में डुबो दिया। इस अवसर पर सीमा कस्तूरिया, पूजा, खुशप्रीत, रुचि, कोमल, अनु, साक्षी, दीपिका, अमृत, अमन, वैशाली व दीप्ति आदि ने कहा कि समाज के हर वर्ग को महिला के अंदर अपनी मां का स्वरूप देखते हुए नारी का सम्मान करना चाहिए। वहीं जहां नारी का सम्मान है वहां सुख व समृद्धि है।

# पाकिस्तान के साथ चीन को भी सख्त संदेश जरूरीः डॉ.इंद्रेश

- पाइट में विश्वग्राम संस्था ने रन फॉर कश्मीर ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** पाइट में देशभक्ति के गीत गाते हुए शिक्षाविद्, समाजसेवी आदि गणमान्य नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक डॉ.इंद्रेश कुमार ने कहा कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा है। सारे जहां का शैतान पाकिस्तान उनका है। पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाना जरूरी है। इसके साथ ही हम भारतीयों को एकजुट होकर संकल्प लेना होगा कि चीन को भी सख्त संदेश देना है। डॉ.इंद्रेश कुमार यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में विश्वग्राम संस्था की ओर से आयोजित रन फॉर कश्मीर कार्यक्रम में ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब साजिश रचकर बांग्लादेश पर कब्जा करना चाहता है। चीन उसकी मदद कर रहा है। इस बार हिंदुस्तान ऐसा फैसला कर ले कि बरसों तक पाकिस्तान उठ न सके। रणनीति व कूटनीति के माध्यम से पाकिस्तान को दुनिया से अलग-थलग करना होगा। पाकिस्तान का साथ दे रहे चीन की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने का काम हमने किया है। इसी वजह से चीन बौखलाया हुआ है। चीन की वजह से दुनिया ने कोरोना को झेला है। उन्होंने कहा कि भारतीय को मिलकर अब तुर्की, चीन और पाकिस्तान की पोल खोलनी चाहिए। भगवान से भी प्रार्थना करें कि हमें हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से स्थायी मुक्ति मिल जाए। नदी संवाद संस्था के संयोजक जीवकांत ने नदियों के महत्व को रेखांकित किया।

#### भारत की सेना जांबाज है : जावेद

रिटायर्ड मेजर जनरल जावेद इकबाल ने कहा कि भारत दुनिया की चौथे नंबर की सबसे ताकतवर सेना है। वहीं भारतीय सेना जांबाज है और भारत की रक्षा में हमारी सेना कभी देश को निराश नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि रक्त के आखिरी कतरे तक हमारा सैनिक सीमाओं की रक्षा करता है। सर्वोच्च बलिदान के लिए हमारी सेना हमेशा तैयार रहती है। सीआरपीएफ से डिप्टी डायरेक्टर कोमल सिंह ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि हर भारतीय को देश की एकता, अखंडता के लिए एकजुट होना होगा। देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए संदिग्ध लोगों की जानकारी पुलिस को देनी चाहिए।

#### घर में घुसकर जवाब देते हैं : प्रो सिंह

रन फॉर कश्मीर, पाकिस्तान को सजा कार्यक्रम की संयोजक प्रो.डॉ. गीता सिंह ने कहा कि अब हिंदुस्तान बदल गया है। युवा हिंदुस्तान किसी आतंक को बर्दाश्त नहीं करता। घर में घुसकर पाकिस्तान को हम जवाब देते हैं। आगे भी जवाब देते रहेंगे। पूरी दुनिया को हमने बता दिया है कि आतंकवादी जहां होगा, उसे पनपने नहीं देंगे। गीता सिंह दिल्ली यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट इन हायर एजुकेशन (सीपीडीएचई) की निदेशक हैं। उन्होंने युवाओं को आतंकवाद के खिलाफ शपथ भी दिलाई।

---

# रक्तदान कर मनाया श्रीश्री रवि शंकर का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** श्रीश्री रवि शंकर का जन्मदिन पर रक्तदान करते हुए नागरिक।

पानीपत के हुडा सेक्टर 12 स्थित प्लेफुल लर्नर्स प्री स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग पानीपत चैप्टर द्वारा 17वें वार्षिक रक्तदान शिविर और निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्री श्री रविशंकर के जन्मदिन जो कि 13 मई को है की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग की सीनियर शिक्षिका दीपिका डावर ने बताया कि शिविर में 51 युनिट रक्त का संग्रहण किया गया। जिससे जरूरतमंद लोगों की जान बचाने में सहायता मिलेगी। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के वॉलेंटियर्स ने भाग लेकर रक्तदाताओं का मार्गदर्शन किया, इसके साथ ही निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें अनेक लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। गौतम सेतिया ने रक्तदान के लाभ बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। जतिन बटला ने रक्तदान के समय और सावधानियों के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रतिनिधियों ने सभी रक्तदाताओं और वॉलेंटियर्स का आभार जताया। इस अवसर पर आशीष सहगल, जतिन बटला, विशाल गोस्वामी,अमित बटला, गौरव अरोड़ा, यतिन कथूरिया, प्रीति कालड़ा, डॉ.विकास आदि रहे।

# समाजसेवी रमेश सखूजा की आंखें दान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** जन सेवा दल के पदाधिकारी, सखूजा परिवार को प्रमाण पत्र भेंट करते

समाज सेवी हरमिलापी रमेश सखूजा के निधन के बाद भी परिजनों ने उनकी आंखें दान कर दी। वहीं, जन सेवा दल के अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा ने बताया कि रघुनाथ मंदिर मॉडल टाउन समालखा के सदस्य समाजसेवी हरमिलापी रमेश सखुजा का रविवार को निधन हो गया। वहीं जन सेवा दल समालखा के सचिव पंकज अरोड़ा गोल्डी व सदस्य कमल द्वारा रमेश की नेत्रदान करने की प्रार्थना की गई। रमेश के विजय सखुजा व अनिल सखुजा ने अपने पिता के नेत्रदान की सहमती दी। वहीं, पानीपत से जन सेवा दल के चिकित्सक ने रमेश सखूजा की आंखों का दान लिया। इस अवसर पर डॉक्टर सुनील आहूजा, राजकुमार बजाज, हरिओम सखुजा, ब्रह्मेश सखूजा, कौशल, मनीषा, संजीव खन्ना, विकास साहू, कमल डोरा, रवि सचदेवा आदि रहे।

---



**पानीपत।** मदर्स डे पर पौधारोपण करते हुए आसरा फाउंडेशन के सदस्य।

### आसरा फाउंडेशन ने पौधे रोपकर मनाया मदर्स-डे

**पानीपत।** आसरा फाउंडेशन ने मदर्स डे मनाते हुए गाय मां और मां धरती का धन्यवाद किया। आसरा फाउंडेशन ने मां धरती का सम्मान करते हुए पौधारोपण किया। 50 पौधे लगाकर मां धरती का धन्यवाद किया। साथ ही गौ माता का सम्मान करते हुए स्वामणि लगाई और गौशाला में गौ मां का धन्यवाद करते हुए उन्हें चारा भी खिलाया। इस अवसर पर आसरा मेंबर्स की माताएं भी मौजूद थी। उन्हें भी सम्मानित करते हुए पौधे दिये गए साथ ही उनका धन्यवाद किया और उनसे आशीर्वाद लिया। इस प्रोजेक्ट में अन्वी शिंगला, राघव अरोड़ा, ध्रुव गांधी, टिया जैन, विभूति आहूजा, धीरज बजाज उनकी मामियां आरती शिंगला और प्रगति आहूजा भी मौजूद रहे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव से बंद होगी फिजूल खर्ची, खुलेंगे विकास के द्वार

# देश हित में है एक राष्ट्र, एक चुनाव : राजबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर डा राजबीर आर्य व ठाकुर ईश राणा, ग्रामीणों को चुनाव संबंधी साहित्य सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

आए दिन देश में विभिन्न चुनाव होने से देश को बहुत बड़ा आर्थिक भार उठना पड़ता है। देश के संसाधनों का अनावश्यक प्रयोग होता है। ये शब्द एक राष्ट्र एक चुनाव के विभाग संयोजक डा राजबीर आर्य ने गांव नारायणा की नवनाथ गौ शाला में जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहे। डा आर्य ने कहा की देश मे लगातार चुनाव होने से आम जनता का मतदान के प्रति रुझान कम होता जा रहा है। मतदान का प्रतिशत कम होता जा रहा है जिससे से लोकतंत्र कमजोर होता है अतः हमें सरकार को एक राष्ट्र एक चुनाव के लिये लिखना तथा कहना चहिए साथ ही इसके प्रति जागृत फैलानी चाहिए। वहीं, जिला संयोजक ठाकुर ईश कुमार राणा ने कहा की लगातार चुनाव होने से देश की विकास की गति धीमी हो जाती है। देश के त्वरित विकास के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी है। उन्होंने कहा की बार बार चुनाव आचार संहिता लगने से विकास कार्य के साथ साथ रोजमर्रा के काम भी प्रभावित होते है। उन्होंने जनता से आग्रह किया की हम देश मे एक राष्ट्र एक चुनाव लागू करवाने बारे काम करे। गौ शाला के प्रधान महावीर शर्मा ने सभी का स्वागत किया साथ ही एक राष्ट्र एक चुनाव करवाने के लिये जागरण अभियान मे पुर जोर सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुलदीप जांगड़ा, अमित रावल, अर्जुन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### झूठ, फरेब पाकिस्तान के हथियार: विज

**अंबाला।** पाकिस्तान के युद्ध विराम होने के बाद व फिर उसका उलंघन करने के बाद देश गुस्से मे हैं। उसी को लेकर परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पाकिस्तान को उसकी इस हरकत पर उसे "ना-पाकिस्तान" कहा है। उन्होंने कहा कि झूठ, फरेब, धोखेबाज़ी पाकिस्तान के हथियार हैं, हमारी शीर्ष नेतृत्व इस पर नज़र रखे हुए हैं। विज ने कहा कि यह पाकिस्तान नहीं है यह ना-पाकिस्तान है, झूठ, फरेब, छल व धोखेबाजी इसके हथियार है। हमारा शीर्ष नेतृत्व व फौजें इसपर नजर रखे हुए हैं। समय आने पर जो कार्रवाई करनी होगी वह की जाएगी।

### गेहूं का 99.6 फीसदी उठान पूरा

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले मे 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 244621.8 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया हैं। इन मंडियों में अब तक 52892 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 99.6 प्रतिशत के साथ 243572 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है।

### एंटी टीजिंग जागरुकता अभियान आयोजित

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में दयानंद महिला महाविद्यालय में एंटी टीसिंग जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों को छेड़छाड़ को रोकने के लिए जागरूक किया।

### ट्रक ने मारी टक्कर बाइक सवार दो घायल

**जींद।** नरवाना के हरियल चौक पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक घायल हो गए। गांव सच्चाखेड़ा निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त सुमित के साथ स्कूटी पर सवार होकर नरवाना जा रहा था। हरियल चौक पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए।

### 11.15 ग्राम हेरोइन के साथ बाइक सवार काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने नरवाना में बडनपुर टी प्वायंट पर एक बाइक सवार व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 11.15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपित हेरोइन स्पलाई के लिए ग्राहक का इतंजार कर रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस जब चमेला कलोनी के निकट बडनपुर टी प्वायंट पर पहुंची तो एक युवक बाइक पर बैठा दिखाई दिया। युवक के कब्जे से 11.15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### नकदी तथा जेवर के साथ महिला गायब

**जींद।** धर्मसिंह कालोनी से महिला के नगदी व जेवर के साथ गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। धर्मसिंह कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत नौ मई को उसकी 32 वर्षीय पत्नी चार बच्चों को छोड़ कर घर से गायब हो गई। इसके अलावा घर बीस हजार रुपये की नगदी, सोना, चांदी के जेवरात भी गायब हैं।

## आपदा को लेकर आयोजित कैंप में युवाओं को बचाव की दी गई ट्रेनिंग

# हवाई हमला होने पर बजेगा सायरन, बम धमाका होने पर कान बंद कर जमीन पर लेटें

### जख्मी होने पर दिए प्राथमिक उपचार के टिप्स, अंबाला शहर व छावनी में युवाओं को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला





**अंबाला।** आपदा के समय युवाओं को घायल होने पर प्राथमिक उपचार देने की ट्रेनिंग देते कर्मचारी व कैंप में मौजूद युवा। *फोटो : हरिभूमि*

आपदा से बचाव को लेकर अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में वालंटियर्स के लिए ट्रेनिंग एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एसडीएम छावनी विनेश कुमार, नगरपालिका अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद, डीएसपी अंबाला छावनी रमेश कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस मौके पर काफी संख्या में युवाओं ने आगे आकर रजिस्ट्रेशन करवाया। कैंप के दौरान एसडीआरएफ, रेडक्रॉस, पुलिस, फायर, होमगार्ड के जवानों के साथ अन्य विभागों के कर्मचारियों ने युवाओं को आपदा में बचाव की ट्रेनिंग दी। एसडीएम विनेश कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-पाक सीमा पर जो हालात बने हैं उसको देखते हुए प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा में एक-एक मिनट बहुत महत्वपूर्ण होता है। मॉक ड्रिल के माध्यम से बचाव की तमाम सावधानियों से युवाओं को अवगत करवाया गया।

#### संयम रखने की जरूरत

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में हमें घबराना नहीं होती। संयम रखना व खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत रखना बड़ी बात होती है। उन्होंने बताया कि जब भी हवाई हमले की आशंका होती है तो उससे पहले सायरन बजता है। उसके मुताबिक यदि दिन के समय सायरन बजता है तो ऐसे समय में कोशिश करें कि हम घर पर ही रहें। बालकनी से दूर रहें। छतों पर न जाएं, यदि आप किसी वाहन के अंदर हैं तो वाहन को पार्क करें और आस पास की इमारतों, अंडर पास या भूमिगत पार्किंग में शरण लें। इसके साथ-साथ यदि रात में कोई आपदा आती है तो उस समय तुरंत लाइटें बंद कर दें। जनरेटर व इनवर्टर से कोई भी बाहर की लाइट न जलाएं। स्ट्रीट लाइटें बंद रखें। खुले क्षेत्रों में मोबाइल फोन व फ्लैश लाइटों या किसी भी प्रकाश उत्सर्जक उपकरण का प्रयोग करने से बचें। यदि वाहन के अंदर है तुरंत वाहन की लाईट बंद कर लें।

#### लिंक पर क्लिक ने करें

साइबर अटैक को लेकर उन्होंने बताया कि ऐसे समय में कोई भी यदि आपको मोबाईल पर कोई संदेश व लिंक भेजता है तो उसे डाउनलोड न करें। न ही उसे शेयर करें। भ्रामक प्रचार से दूर रहें। अफवाहों से बचें। ऐसी सावधानियां एवं हिदायतें बरतकर आपदा से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है।

#### एसडीआरएफ टीम ने सिखाया

इस मौके पर एसडीआरएफ की टीम ने मॉक ड्रिल से घायल व्यक्ति को कैसे बाहर निकाला जा सकता है। प्राथमिक उपचार के साथ-साथ अस्पताल पहुंचाने की गतिविधि को मॉक ड्रिल के माध्यम से दर्शाया गया। उन्होंने इस मौके पर बताया कि यदि कोई भी बम का धमाका होता है उस समय कान बंद कर लें। आंख बंद कर लें, नीचे धरती पर लेट जाएं। इसी प्रकार फायर ब्रिगेड से आए अधिकार पंकज पराशर ने भी अग्नि बचाव एवं आपदा बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी ऐसा हादसा हो जाता है तो उस समय फायर विभाग लैंडलाईन नंबर 0171-2630999 पर इसकी सूचना दें। जिस चीज से आग लगी है कोशिश करें उसे वहां से हटाएं। इसके साथ-साथ डेमो के माध्यम से भी उन्होने महत्वपूर्ण जानकारी युवाओं को दी। रेडक्रॉस से आए कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी व एनके शर्मा ने प्राथमिक उपचार व सीपीआर से जुड़ी जानकारी दी। मौके पर सचिव राजेश कुमार, परमजीत, श्याम सुंदर अरोड़ा, नेहरू युवा केंद्र से अर्शप्रीत कौर, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, एसएचओ अजैब सिंह, डीएसओ राजबीर भी उपस्थित रहे।



**बराड़ा।** पदक जीतने वाले विद्यार्थी स्टाफ़ साथ।

## आर्य स्कूल के छात्रों ने कराटे में लहराया परचम

- 7 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक व 3 कांस्य पदक किए अर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

बिलासपुर के न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में एक अंतर-विद्यालय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस आयोजन का सफल संचालन यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन यमुनानगर के सौजन्य से हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया।बराड़ा स्थित आर्य पब्लिक स्कूल के 13 उत्साही छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर स्कूल का गौरव बढ़ाया।

उनके शानदार प्रदर्शन के फलस्वरूप स्कूल ने 7 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक तथा 3 कांस्य पदक अर्जित किए। इस उपलब्धि ने न केवल छात्रों की मेहनत और समर्पण को प्रमाणित किया, बल्कि स्कूल के उत्कृष्ट प्रशिक्षण और प्रेरणा देने वाले वातावरण को भी उजागर किया।छात्रों की इस शानदार सफलता के पीछे कोच युवराज तथा अध्यापिका पूनम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाया, उन्हें कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया और प्रतियोगिता के दौरान उनका उत्साहवर्धन भी किया। उनकी मेहनत का ही परिणाम रहा कि छात्रों ने कठिन मुकाबलों में आत्मविश्वास और साहस का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। प्रतियोगिता के बाद जब विजयी छात्र लौटे, तो स्कूल स्टाफ़ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

आर्य पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य साहिल वर्मा ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अंत में इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण व अभिभावकों ने विजयी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## 120 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

- कहा माता सुदीक्षा महाराज के संदेश को पर कर रहे हैं जनसेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। *फोटो : हरिभूमि*

निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का संदेश है कि अपने जीवन का हर पल मानवता की सेवा के लिए समर्पित करें। निरंकारी भक्तों द्वारा इसी संदेश का आह्वान करते हुए रक्तदान शिविरों आयोजन किया जा रहा है। रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन शहजादपुर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 3 महिलाओ सहित 120 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर अपना बहुमूल्य योगदान दिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन स्थानीय मुखी सतीश कुमार ने अपने कर कमलों द्वारा किया। इस मौके पर उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे रक्तदान कर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उसंत निरंकारी मिशन में आध्यात्मिक उत्थान के साथ-साथ सामाजिक कल्याण गतिविधियां भी शामिल हैं। इनमें मुख्य रूप से रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, महिला एवं बाल विकास के सशक्तिकरण के लिए सुव्यवस्थित योजनाएं, मुफ्त नेत्र जांच शिविर और जरूरतमंदों की मदद करना शामिल है। इस रक्तदान शिविर में सिविल अस्पताल अंबाला छावनी से डॉक्टर संजय के नेतृत्व मे 20 मेंबर्स टीम ने रक्त एकत्रित किया।

## तालाब व महावीर पार्क का फंड रोकने का आग्रह

- विधायक निर्मल सिंह ने मेयर को लिखा पत्र, कहा अगर निर्माण हुआ तो भ्रष्टाचार से नहीं उठ पाएगा पर्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



नौरंगराय तालाब का दृश्य।

अंबाला शहर विधायक निर्मल सिंह ने अब मेयर शैलजा सचदेवा से नौरंगराय तालाब व महावीर पार्क के पुनर्निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर शिकायत के बाद इनमें काम करवाया जाए तो अनियमितताओं पर पर्दा डाला जा सकता है।

दरअसल निर्मल सिंह ने शहर के भगवान नौरंग राय पवित्र सरोवर और महावीर पार्क में अब तक हुए निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और निर्माण मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने अब इस मामले में एंटी क्रप्शन ब्यूरो को पत्र लिखकर इसकी जांच करने को कहा है। अब उन्होंने इन दोनों जगहों पर हो रहे काम को रुकवाने के लिए मेयर को पत्र लिखा है।

सिंह ने पत्र में मांग की है कि जब तक हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भगवान नौरंग राय पवित्र सरोवर और महावीर पार्क की जांच पूरी नहीं कर लेता, तब तक निर्माण के लिए दोबारा पास की गई 4.50 करोड़ रुपये की राशि रोकी जाए, ताकि जांच प्रभावित न हो।

#### यह है पूरा मामला

निर्मल सिंह ने दोनों जगहों पर पहले हुए कार्यों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एसआईबी को पत्र लिखकर इसकी जांच की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि पिछले 10 सालों से भगवान नौरंग राय पवित्र प्राचीन सरोवर और श्री महावीर पार्क के नाम पर सरकारी खजाने से लाखों रुपये खर्च किए गए लेकिन इन कार्यों की गुणवत्ता और क्रियान्वयन शर्मनाक है। घटिया सामग्री का इस्तेमाल, निर्माण में मापदंडों की अनदेखी और सरकारी धन का खुला दुरुपयोग इस बात का सबूत है कि इन परियोजनाओं को कुछ अधिकारियों, नेताओं और ठेकेदारों ने लूट का अड्डा बना दिया है। उन्होंने इस घोटाले को जनता और उनकी धार्मिक आस्था के साथ विश्वासघात करार दिया और कहा कि यह आम नागरिकों के अधिकारों और उनकी पवित्र भावनाओं को लूटने की एक सुनियोजित साजिश है। निर्मल सिंह ने कहा कि अंबाला की जनता को पवित्र सरोवर की निर्मलता और सुंदर पार्क का सपना दिखाकर कुछ भ्रष्ट लोग सरकारी खजाने को दोनों हाथों से लूट रहे हैं। भगवान नौरंग राय पवित्र प्राचीन सरोवर, जो हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है, और लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। उसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। महावीर पार्क की हालत भी कुछ अलग नहीं है। ये परियोजनाएं जनता और उनकी धार्मिक भावनाओं के लिए नहीं, बल्कि ठेकेदारों और अधिकारियों की जेब भरने का जरिया बन गई हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर क्यों इन कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरती गई और क्यों बार-बार एक ही ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया गया।

## साइबर फ्रॉड को लेकर किया जागरूक

- एसएचओ बोले जागरुक होने पर ही फ्रॉड से हो सकता है बचाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



**बराड़ा।** जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

बराड़ा पुलिस की ओर से रविवार को उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी प्रमोद कुमार एवं चौकी इंचार्ज विश्व बंधु ने स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में सतर्क करना और भारत-पाक सीमा पर वर्तमान में बने तनावपूर्ण हालातों के प्रति सजग करना था। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। नागरिकों को किसी भी अज्ञात नंबर से आई कॉल या मैसेज के माध्यम से बैंक संबंधित जानकारी सांझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने समझाया कि साइबर अपराधी खुद को बैंक अधिकारी या सरकारी कर्मचारी बताकर आम लोगों से ओटीपी, बैंक डिटेल्स, पैन कार्ड व आधार नंबर की जानकारी मांगते हैं। उनके खातों से पैसे उड़ा लेते हैं। पुलिस अधिकारी ने लोगों से आग्रह किया कि वे सतर्क रहें और ऐसे किसी भी प्रयास की सूचना तुरंत पुलिस को दें। चौकी इंचार्ज विश्व बंधु ने भारत-पाक सीमा पर चल रहे तनाव की स्थिति के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसे समय में हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करे। उन्होंने बताया कि सीमा पर जारी हलचल को लेकर कई अफवाहें फैल रही हैं जिन्हें गंभीरता से लेने के बजाय अधिकृत सूत्रों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें।

## परमात्मा के बिना मानव का अस्तित्व नहीं

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में पूर्णिमा को सत्संग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** प्रवचन देती साध्वी उमा व रेनू भारती।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें सर्व आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी सुश्री उमा भारती और रेनू भारती ने साध संगत को बताया कि मनुष्य को हमेशा कर्म में लगे रहना चाहिए। कभी भी कर्म के बदले मिलने वाले फल की आशा नहीं छोड़नी चाहिए क्योंकि कर्म करना हमारा धर्म है,तो फल पाना हमारा सौभाग्य है। जिस प्रकार तेज हवा के कारण सागर में बड़ी-बड़ी लहरें उठती हैं और फिर सागर में समा जाती हैं उनका अलग अस्तित्व नहीं होता। इसी प्रकार परमात्मा के बिना मानव का भी कोई अस्तित्व नहीं है। कभी भी अपने अंदर अभिमान को जन्म न दे। एक छोटी सी चींटी शक्कर के दानों को बीन सकती हैं परन्तु एक विशालकाय हाथी ऐसा नहीं कर सकता।मोह माया मे फंसा जीव भटकता रहता है। इस माया को बनाने वाला ही मुक्ति दाता हैं। जिस प्रकार भ्रम के कारण सांप और रस्सी तथा सोने के गहने और सोने में अंतर नहीं जाना जाता किंतु भ्रम दूर होते ही इनका अन्तर ज्ञात हो जाता है। उसी प्रकार अज्ञानता के हटते ही मानव आत्मा, परमात्मा का मार्ग जान जाती हैं,तब परमात्मा और मनुष्य में कोई भेदभाव नहीं होता। उन्होंने कहा कि संसार में हम छोटे से छोटा कार्य भी गुरु के दिशा निर्देश के सफलतापूर्वक सिद्ध नहीं कर सकते तो हम बिना गुरू के अपने कर्म संस्कारों और बिगड़ी हुई आदतों को केवल अपने पुरुषार्थ से सुधार सकते हैं। इसके मूल मानवीय हृदय का ब्रह्म ज्ञान रूपी अमृत से सिंचित होगा। तभी वह धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष रूपी फल प्रदान करने वाला होगा।

### अमेरिका में रह रहा दोस्त बता लगाया 2.55 लाख का चूना

**जींद।** अमेरीका में रह रहा दोस्त बन कर एक व्यक्ति द्वारा दो लाख 55 हजार रुपये का चूना लगाने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दालमवाला निवासी सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत चार मई को उसके फोन पर अनजान नंबर से व्हाट्सअप कॉल आई। जिस पर अमेरीका में रह रहे उसके दोस्त सुरेंद्र की डीपी लगी थी। बातचीत के दौरान उसने बताया कि उसका वीजा एक्सपायर हो रहा है। जिसकी समयावधि बढवानी जरूरी है। एजेंट को रुपये देने पड़ेंगे। जिस पर उसने उसके द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड से एक लाख रुपये डाल दिए। जिसके बाद उसने उसने फिर से यूपीआइडी से एक लाख रुपये भेज दिए। जिसके बाद उसने 55 हजार रुपये और भेजे। बावजूद इसके रुपये की डिमांड बढ़ती चली गई। जिस पर उसे संदेह हुआ कि किसी व्यक्ति ने विदेश मे बैठ कर दोस्त बन कर उसके साथ दो लाख 55 हजार रुपये की धोखाधड़ी की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## पूर्व विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र में व्यायामशालाएं खोलने का किया आग्रह

# 30 सड़कों का होगा निर्माण, सीएम के सामने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** मुख्यमंत्री से मुलाकात करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सिंह सैनी से की मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर कई मांगें सीएम के सामने रखी। सैनी ने बताया कि वैसे तो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधानसभा क्षेत्र की मांगों पूरी जानकारी है। मुख्यमंत्री ने यहां से विधायक एवं राज्य मंत्री रहते कई विकास के कार्य करवाए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के पास अब बतौर सीएम पूरे प्रदेश की जिम्मेवारी है। ऐसे में उनकी जिम्मेवारी बढ जाती है कि वे सीएम से मिल कर क्षेत्र के लोगों की मांगे एवं विकास कार्य उनके सामने रख उन्हें पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि भगवान नारायण की नगरी हर क्षेत्र में अग्रणी हल्का बने। पूर्व विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री के सामने उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की 30 सडक़ों के निर्माण की मांग रखी जिन पर लगभग 34 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनकी अप्रूव्ल जल्द मिल जाएगी। अप्रूव्ल मिलने के बाद इन सडक़ों का नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य जल्द शुरू होगा।

इस दौरान यहां पॉलिटेक्निक संस्थान की स्थापना की मांग रखी जिससे क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बेहतर अवसर मिल सकें। स्थानीय स्तर पर परिवहन विभाग के डिपो की स्थापना की मांग रखी गई ताकि लोगों को ओर अधिक बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। युवाओं को खेलों में प्रोत्साहित करने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां खेल मैदान व व्यायामशालाओं का निर्माण करवाने की मांग की गई।उन्होंने बताया कि कई गांवों और शहरी क्षेत्रों में सडक़ों को दुरुस्त करने की आवश्यकता बताई गई। ग्रामीण विकास के लिए गांवों को ग्रांट उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की जनता की सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।।

### गेहूं उठान न होने से आढ़ती परेशान

**राजौंद।** राजौंद अनाज मंडी में गेहूं खरीद का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि उठान का कार्य भी 90 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। मार्केट कमेटी सचिव ओमप्रकाश ने बताया है कि राजौंद अनाज मंडी में अब की 6 लाख 67 हजार 671 किवंटल गेहूं की मंडी में खरीद की गई। जबकि मंडी में 6 लाख 4 हजार किवंटल गेहूं का उठान कर लिया गया है। मंडी में अब 63671 किवंटल उठान बाकी है। किठाना अनाज मंडी व जाखौली तथा सेरधा में भी कार्य पूरा कर लिया गया है। गेहूं के सीजन में अबकी बार किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी गई गेहूं खरीद का कार्य काफी दिन पहले ही पूरा हो चुका है उठान का कार्य भी 10 प्रतिशत रह गया है जिसे जल्दी पूरा कर लिया जाएगा।